**मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।**

डीजी परिपत्र संख्या-38/2018 दिनांक:लखनऊ:जुलाई 13, 2018

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद, उत्तर प्रदेश।

जैसा कि आप अवगत होंगे कि हाल में वाट्सएप द्वारा फारवर्ड की गयी अफवाहों से कई प्रकरणों में शांति व्यवस्था प्रभावित हुई है एवं कई राज्यों में इन अफवाहों के आधार पर निर्दोष लोगों की हत्या भी हुई है। केन्द्र सरकार द्वारा भी वाट्सएप पर अफवाहों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने हेतु निर्देशित किया गया है, ऐसी परिस्थिति में उत्तर प्रदेश पुलिस को भी सोशल मीडिया पर डालने वाली उपरोक्त अफवाहों को रोकने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर जनता से कुशल संवाद किया जा रहा है, जिससे देश में इसकी सराहना हो रही है। इस प्रकार की अफवाहों को रोकने के लिये वायरल चेक ट्विटर हैण्डल @UPPViralCheck बनाया गया है, जिससे इस प्रकार के ट्वीट भी किये जाते हैं।

इसके साथ ही यह आवश्यकता भी महसूस की जा रही है कि वाट्सएप पर फैलने वाली अफवाहों का खण्डन करने के लिये वाट्सएप का भी प्रयोग किया जाये चूँकि बहुत बड़ी संख्या में देश में लोगों द्वारा वाट्सएप का प्रयोग किया जाता है।

यहॉं यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि उपरोक्त ग्रुप किसी भी प्रकार की आकस्मिक (Emergency) सूचना देने के लिए नहीं होगा। आकस्मिक (Emergency) सूचना देने के लिए लोगों द्वारा डायल 100 का ही प्रयोग किया जायेगा।

अतः यह आवश्यक है कि थाना स्तर पर डिजिटल वालेन्टियर्स बनाया जाये, जिसके लिये प्रत्येक थानों पर एक वाट्सएप ग्रुप बनाये जाये जिसमें 250 व्यक्ति निम्न श्रेणी के रखे जाये--

1-- शिक्षक
2-- प्रधानाचार्य
3-- सेवानिवृत्त सैनिक
4-- पुलिस पेंशनर्स
5-- क्षेत्र के पत्रकार
6-- सामाजिक संगठन
7-- पूर्व/वर्तमान सभासद
8-- पूर्व/वर्तमान ग्राम प्रधान
9-- पूर्व/वर्तमान बीडीसी सदस्य
10-- छात्र नेता
11-- आशा बहू
12-- ग्राम सचिव
13-- एएनएम
14-- कोटेदार
15-- डाक्टर
16-- वकील
17-- प्रमुख व्यापारी (व्यापार मण्डल के पदाधिकारी)
18-- मंदिर/मस्जिद के पुजारी/मौलवी

19– विशेष पुलिस अधिकारी
20– सिविल डिफेंस
21– क्षेत्र के होमगार्ड
22– अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति

डिजिटल वालंटियर को चयनित करने के लिये जनपद स्तर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक कमेटी बनायी जाये, जिसमें सम्बन्धित अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध को सम्मिलित किया जाय। उक्त समिति गहन विचार–विमर्श करके बायोडेटा के आधार पर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करें, जो सामाजिक रूप से प्रभावशाली हों, शान्ति–व्यवस्था में सहयोग देने वाले हों एवं सोशल मीडिया पर सक्रिय एवं स्वच्छ छवि के हों।

उपरोक्त फार्म उन व्यक्तियों से हार्ड कापी एवं उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर भी भरवाया जाये, जिससे उनका डेटाबेस सुरक्षित रह सके।

वाट्सएप ग्रुप के थानाध्यक्ष एवं क्षेत्राधिकारी एडमिन रहें एवं इसमें अपर पुलिस अधीक्षक व मीडिया सेल के सीयूजी नम्बरों को भी जोड दिया जाये। स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर या पुलिस का पक्ष रखने के लिये जनपदीय मीडिया सेल सभी थानों के वाट्सएप ग्रुप में सही सूचनाओं से लोगों को अवगत कराया जाये। डीजीपी मुख्यालय द्वारा किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को जनपदीय मीडिया सेल को भेजे जाने पर उनके द्वारा सभी थानों के वाट्सएप ग्रुप में अग्रसारित किया जायेगा।

वाट्सएप ग्रुप में शामिल व्यक्तियों का एक डाटाबेस बनाया जाये, जिसके लिये अलग से प्रारूप प्रेषित किया जा रहा है। उपरोक्त प्रारूप को सापट कापी में टाइप कराकर जनपद स्तर पर मीडिया सेल में सुरक्षित रखा जाये एवं इस मुख्यालय के ई मेल आईडी prodgp-up@nic.in पर भेजा जाये। इस वाट्सएप ग्रुप में किसी भी प्रकार की राजनीतिक, साम्प्रदायिक या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले व्यक्ति को वाट्सएप ग्रुप से निकाल दिया जाये, जिससे वाट्सएप ग्रुप की शुचिता बरकरार रखी जा सके। थानाध्यक्ष / क्षेत्राधिकारी जनता से संवाद बनाये रखें।

<u>संलग्नक–प्रोफार्मा</u>

13.7.18

**(ओ0पी0 सिंह)**
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**
1–समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
2–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।

———

# डिजिटल वालंटियर के कर्तव्य

1. आकस्मिक घटना की सूचना तत्काल यूपी 100 पर दी जाय।
2. क्षेत्र में किसी प्रकार की अफवाह फैलने पर पुलिस को उसकी सूचना देना। अफवाहों के संबंध में जनसामान्य को सही तथ्यों से व्यक्तिगत रूप से एवं सोशल मीडिया (वाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक एवं यू-ट्यूब) के माध्यम से अवगत कराते हुए अफवाहों का खंडन करना।
3. क्षेत्र में बाहर से आकर होटल, सराय में रूकने वाले अथवा किराए पर रहने वाले संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी होने पर पुलिस को अवगत कराना।
4. स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों के आसपास दुकानों और ठेलों आदि पर अनावश्यक बैठने वाले मनचलों की जानकारी देना।
5. क्षेत्र में होने वाले अवैध व्यापार जैसे शराब, गांजा, स्मैक आदि व इनमें लिप्त व्यक्तियों की जानकारी देना।
6. क्षेत्र में लगने वाले मेले एवं त्यौहार के संबंध में कानून व्यवस्था से सम्बन्धित कोई बात होने पर तत्काल जानकारी में लाना।
7. क्षेत्र में रहने वाले पुराने अपराधी जो हत्या, लूट, डकैती, अवैध शस्त्र बेचने, अवैध शराब बिक्री, बलात्कार आदि में जेल में बंद रहे हों व जमानत पर बाहर आकर यदि आपराधिक गतिविधि करते हैं, तो उसकी जानकारी देना।
8. किसी भी प्रकार की साम्प्रदायिक समस्या के होने पर दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराने में पुलिस का सहयोग करना।
9. किसी भी प्रकार की घटना/दुघर्टना के होने पर जनता के लोगों द्वारा आक्रोश में आकर किये जाने वाले धरना-प्रदर्शन पर उनको समझाने में पुलिस का सहयोग करना।
10. गांव की किसी जमीन के कब्जे/बंटवारे संबंधी समस्या में पुलिस द्वारा लगायी जाने वाली जनचौपाल में भाग लेकर गांव की समस्या गांव में ही निपटाने में पुलिस का सहयोग करना।
11. उ0प्र0 पुलिस के ट्विटर हैण्डल @uppolice, फेसबुक पेज uppolice एवं यू-ट्यूब चैनल uppolice को फालो कर सूचनाओं से स्वयं को अपडेट रखेगें।

# डिजिटल वालंटियर, उत्तर प्रदेश पुलिस

The name and photo associated with your Google account will be recorded when you upload files and submit this form. Not **socialmediadgp@gmail.com**? Switch account

* Required

Email address *

[redacted]

नाम (Name) *

जन्म तिथि (Date of Birth) *

mm/dd/yyyy

पिता का नाम (Father's Name) *

फ़ोन नंबर (Mobile Number) *

Your answer

पता (Address)

जिला (Select District) *

Choose

व्यवसाय (Occupation)

शिक्षा (Education) *

सोशल मीडिया उपस्थिति (Presence in Social Media)

- [ ] फेसबुक
- [ ] ट्विटर
- [ ] इन्स्टाग्राम

फेसबुक आईडी (Facebook ID)

ट्विटर हैंडल (Twitter Handle ID)

इन्स्टाग्राम आईडी (Instagram ID)

Your answer

सामाजिक कार्यों का विवरण (Details of Social Work)

स्वघोषणा: मैं अपने जनपद में एवं सोशल मीडिया पर सक्रिय रहकर कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाये रखने में उ०प्र० पुलिस का सहयोग करूंगा। I assure that I will remain socially active and also on social media and will help UPPolice in maintenance of law & order and social harmony. *

अन्य - (आपके विषय में अन्य कोई जानकारी) (Any other Information)

अपनी नवीनतम फोटो अपलोड करें (Pl. upload your recent photograph) *

ADD FILE

अपनी एक वैध फ़ोटो आईडी (आधार कार्ड/वोटर कार्ड/पासपोर्ट) अपलोड करें (Pl upload your Photo ID) *

ADD FILE

Send me a copy of my responses.

SUBMIT